हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को मिला आईडीए एजुकेशन अवार्ड-2022

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए आईडीए एजुकेशन अवार्ड 2022 प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- विश्वविद्यालय को यह अवार्ड उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के लिये किये गए कार्यों हेतु प्रदान किया गया है।
- इंडिया डेडिकेट्स एसोसिएशन (आईडीए) द्वारा बंगलूरू में आयोजित एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से यह अवार्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ग्रहण किया।
- विदित है कि आईडीए अवार्ड उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित अवार्ड है।
- आईडीए एजुकेशन अवार्ड 2022 के लिये देश के 25 राज्यों के 1100 से अधिक शिक्षण संस्थानों से 2300 से अधिक नामांकन विभिन्न श्रेणियों में प्राप्त हुए थे, जिसमें उच्च शिक्षा श्रेणी के तहत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ को यह अवार्ड स्टूडेंट एंड फैकल्टी वेलबिंग, अर्थात् संस्थान व सहभागियों के हितों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों की शैक्षणिक व भावनात्मक ज़रूरतों एवं डिजिटल वेलनेस के लिये प्रदान किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-central-university-gets-ida-education-award-2022